दैनिक नवज्योति Jodhpur City - 27 Nov 2021 - Page 13

ऐश्वर्या कॉलेज में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवज्योति/जोधपुर।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान के तहत शुक्रवार को संविधान दिवस के अवसर पर श्रीमती रैना शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जोधपुर महानगर द्वारा ऐश्वर्या कॉलेज में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए सचिव श्रीमति रैना शर्मा ने संविधान दिवस मनाने की महत्ता पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को भारत के संविधान के मूल कर्तव्यों तथा भारत के संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराते हुए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में चैयरमेन भूपेन्द्र सिंह राठौड, कॉलेज प्राचार्य डॉ. ऋषि नेपालिया, विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. एम.आर.के. शेरवानी, कला संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. जसवन्त शर्मा, प्रबन्ध संकाय के विभागाध्यक्ष एवं विधि विभाग के फैकल्टी मैम्बर सहित सभी फैकल्टी एव स्टाफसदस्य उपस्थित रहे।